# रेशम उद्योग बढ़ाने को आधुनिक मशीनें लगेंगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार प्रदेश में रेशम उद्योग को बढ़ाने के लिए अब महाराजगंज, बस्ती, सहारनपुर व औरैया को आधुनिक मशीनों यानी मल्टी एंड रीलिंग यूनिट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन रीलिंग यूनिट्स के अंतर्गत 10 बेसिन युनिट्स की क्रय प्रक्रिया रेशम विभाग ने शुरू कर दी है। इसे 90 दिन में पूरा करना होगा।

**रेशम विभाग नियुक्त करेगा एजेंसी**

इस क्रय प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा, जिसे रेशम विभाग नियुक्त करेगा। कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी को कार्यावंटन के बाद 90 दिनों के भीतर इन सभी इकाइयों को निर्धारित जिलों में डिलिवर व इंस्टॉल करना होगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए रेशम विभाग द्वारा जो आवेदन मांगे गए हैं, उसमें मुख्यतः उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय व राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम से पंजीकृत कंपनियों को वरीयता दी जाएगी।